मुख्यमंत्री द्वारा कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ जारी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी** ने पानीपत की अनाज मंडी में **तीन कल्याणकारी योजनाओं के तहत 83,633 लाभार्थियों को ₹100.68 करोड़ के लाभ** जारी किये।

मुख्य बिंदु:

- सामाजिक सुरक्षा पेंशन, **डॉ. भीम राव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना** और **मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना** के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाभ वितरित किये गए।
    - **सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना** के **75,330 नए लाभार्थियों को पेंशन के रूप में ₹22.59 करोड़ की राशि** जारी की गई।
    - **डॉ. बी.आर. अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना** के तहत **2,003 लाभार्थियों को घर की मरम्मत के लिये ₹15.09 करोड़ की सहायता राशि** जारी की गई।
    - **मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना** के तहत 100 वर्ग गज भूमि के **6,300 लाभार्थियों को अधिकार पत्र और ₹1-1 लाख की वित्तीय सहायता** के पत्र दिये गए।

डॉ. बी.आर. अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना

- इसकी शुरुआत **हरियाणा राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021 में** की गई थी।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन सभी परिवारों को मकान की मरम्मत/नवीकरण के लिये अनुदान प्रदान करना है। जिनकी **वार्षिक आय परिवार पहचान-पत्र में 1.80 लाख रुपए से कम या उसके बराबर** है और मकान की **मरम्मत की आवश्यकता है तो** इस योजना **के तहत** उन्हें **80000 रुपए की राशि** प्रदान की जाती है।

हरियाणा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

- **वर्ष 2023 में शुरू** की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य **राज्य के कमज़ोर और निम्न आय वर्ग के परिवारों को सस्ती दरों पर आवास उपलब्ध कराना** है।
- योजना के तहत उन लोगों को **प्लॉट आवंटित किये जाएंगे जिनके पास आवास बनाने के लिये ज़मीन नहीं** है।
- इससे राज्य के गरीब परिवारों का **सामाजिक और आर्थिक विकास** होगा तथा उन्हें सुरक्षित एवं स्थायी जीवन जीने का मौका मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-cm-releases-benefits-under-welfare-schemes